कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/2020/687

लखनऊःदिनांक 18 अप्रैल, 2020

यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 की प्रथम चक्र की ऑन लाईन कांउसिलिंग के संबंध में आवश्यक सूचना।

राजकीय एवं निजी क्षेत्र के मेडिकल/डेण्टल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा/एम0डी0एस0) पाठ्यक्रम हेतु पंजीकरण कराने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पंजीकरण शुल्क रू0 3000/–(रूपये तीन हजार मात्र) जमा कर दिये गये है, तथा अभ्यर्थी के खाते से कट/ (Debit) हो गये है, किन्तु उनका पंजीकरण (Registration) नही हो पा रहा है।

ऐसे अभ्यर्थियों को अवगत कराना है कि प्रदेश में लॉक–डाउन की स्थिति में बैंक स्टाफ की कमी होने के कारण रजिस्टेशन शुल्क तत्काल अपडेट नही हो पा रहा है, बैंक द्वारा 24 घन्टे के उपरान्त ही एम0आई0एस0 डाटा उपलब्ध कराया जाता है, तत्पश्चात् ही पंजीकरण शुल्क विभागीय वेबसाइट पर एन0आई0सी0 द्वारा अपडेट किया जाता है। अतः दूसरे दिन अपरान्ह 1.00 के पश्चात् ही पंजीकरण का आप्शन (Option)/पोर्टल (Portal) खुलेगा। दोबारा पेमेन्ट (Double payment) करने की आवश्यकता नही है।

अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** **&** ***www.updgme.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/2020/ तद्दिनांक